हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

4
अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार



**खबर संक्षेप**

### मधुमक्खियों के हमले से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ के नीच बकरी चरा रहे ग्रामीण पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले से घायल हुए ग्रामीण बेटे के साथ खुद ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हुआ जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मुकुंदपुर निवासी केदा बरगाह आ. स्व. राम साय बरगाह (58 वर्ष) गत दिन घर के समीप डेहू पेड़ के नीचे बकरी चरा रहा था। इसी दौरान पेड़ मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीण किसी तरह भागकर घर पहुंचा और बेटा के साथ बाइक से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात भर्ती कर दिया। जहां आज सुबह उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सेंदुर नदी के रेत में दफन मिला शव, मचा हड़कंप

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** सेंदुर नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल पुलिस द्वारा शव का पीएम कराया गया है इसके साथ ही उसके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर शाम कोतवाली पुलिस को थाना क्षेत्र से लगभग 3 किमी की दूरी पर स्थित सतीसेमर गांव स्थित सेंदुर नदी में ग्रामीणों ने रेत में दबा हुआ शव देखा था। रेत में दफन शव की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा उपरान्त शव का पीएम कराया। इसके साथ ही फिलहाल शव को मर्च्युरी में रखा गया है और मृतक की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस को मृतक के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन जिस तरह से रेत में शव दबा हुआ था उससे हत्या कर शव को छिपाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी भापेंद्र साहू ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम की सूचना पर अवैध साल लट्ठा लोड पिकअप जब्त

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी राज्यों से पहुंच रहे कोचियों के धान को पकड़ने शुक्रवार को तड़के टीम के साथ निकले रामानुजगंज एसडीएम आनंद राम नेताम की सूचना पर वन अमले ने अवैध साल लट्ठा लोड एक पिकअप को जब्त करने में सफलता पाई है। शुक्रवार को रामानुजगंज एसडीएम आनंद राम नेताम पड़ोसी राज्यों से धान की तस्करी करने वाले कोचियों को पकड़ने के उद्देश्य से तड़के टीम के साथ निकले थे। इस दौरान संदेहास्पद परिस्थितियों में एक पिकअप को तेज रफ्तार से भागते देख उन्होंने वाहन पीछा किया। एसडीएम का वाहन पिकअप के निकट पहुंचा तो देखा कि पिकअप में लट्ठा लोड है तथा चालक तेज रफ्तार से वाहन को चला रहा है। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी धमनी रेंज के परिक्षेत्राधिकारी अजय श्रीवास्तव को दी। सूचना पर तत्काल वन परिक्षेत्राधिकारी अजय श्रीवास्तव वन अमले के साथ रवाना हुए तथा पिकअप का पीछा किया। सुबह 5 बजे वन अधिकारी पिकअप का पीछा करते हुए ग्राम चेरा पहुंचे तो चालक पिकअप को अपने घर की परछी में खड़ी कर फरार हो गया था। पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 6598 का चालक साल का अवैध 5 लट्ठा लोडकर तस्करी कर रहा था। पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि आरोपी चालक श्रवण यादव ग्राम चेरा का निवासी है तथा अपने घर की परछी में वाहन खड़ा कर फरार हो गया है। वन अमले ने वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1) एवं 41(3), वनोपज अभिवहन अधिनियम 2000 एवं व्यापार विनिमय अधिनियम के तहत अवैध लट्ठा लोड पिकअप को जब्त किया।

## ढहाई गई अंग्रेजों के जमाने की पुलिया, मजबूती आज भी बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अंग्रेजों के शासनकाल में निर्मित ऐतिहासिक पुलिया को हाल ही में ढहा दिया गया, लेकिन वर्षों बाद भी उसकी मजबूती लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बनी रही। बाकी नदी पर बनी यह पुलिया मिट्टी की ईंटों, चूने की मजबूत जुड़ाई और उस दौर के शुद्ध लोहे से तैयार की गई थी। दशकों तक लगातार भारी आवागमन सहने के बावजूद पुलिया की संरचना बेहद मजबूत पाई गई, जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

**बिना सीमेंट, बिना आधुनिक मशीनों के बनी पुलिया ने दी सैकड़ों वर्षों की सेवा-** अंग्रेजों के समय बनाई गई इस पुलिया में न तो सीमेंट का उपयोग था और न ही आधुनिक मशीनों का, इसके बावजूद इसकी मजबूती आज की कई नई संरचनाओं से कहीं बेहतर थी। सैकड़ों वर्षों पहले बनी इस पुलिया को ढहाने के दौरान भी यह साफ नजर आया कि इसकी नींव और निर्माण तकनीक कितनी टिकाऊ थी।

**आवागमन सुविधा के लिए बनेगा चौड़ी और आधुनिक पुल**



**सड़क दुर्घटना में आएगी कमी, मिलेगी राहगीरों को राहत-** नई पुलिया के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और दैनिक यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में संकरी सड़क और पुलिया के कारण वाहनों की आवाजाही में कठिनाई होती थी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। एक तरफा आवागमन की व्यवस्था होने से कई बार आमने-सामने से वाहन टकराने की स्थिति बन जाती थी।

**जाने क्या है जनता की राय-** जशपुर के समाजसेवी सतेंद्र पाठक का कहना है नई पुलिया चौड़ी होगी और आधुनिक मानकों के अनुसार तैयार की जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही भारी वाहनों के आवागमन में भी अब कोई परेशानी नहीं होगी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह मार्ग क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**पुरानी पुलिया की मजबूती और निर्माण कला आज भी मिसाल-** अंग्रेजों के जमाने की पुलिया भले ही अब इतिहास बन गई हो, लेकिन उसकी मजबूती और निर्माण कला आज भी लोगों के लिए एक मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को उस दौर की इंजीनियरिंग क्षमता की याद दिलाती रहेगी।

**आवागमन बेहतर के लिए नए चौड़े पुलिया का होगा निर्माण:** प्रशासन द्वारा आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अब उसी स्थान पर आधुनिक तकनीक से नई और चौड़ी पुलिया का निर्माण किया जाएगा। योजना के अनुसार जशपुर गेट गम्हरिया मार्ग पर बाकी नदी में दूसरा पुल बनाए जाएंगे, जिनमें से एक मार्ग आने वाले वाहनों के लिए और दूसरा जाने वाले वाहनों के लिए निर्धारित होगा। इससे यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी और जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी।

### अमूल की सहकारिता, दुमाड पंचायत के नवाचारों का जमीनी अध्यन

## गुजरात मॉडल से गांवों के कायाकल्प का ब्लूप्रिंट सीख रहा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्रामीण शासन को मजबूत करने, पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और विकास को टिकाऊ दिशा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष इन दिनों गुजरात मॉडल का गहन अध्ययन कर रहे हैं।

**पंचायती राज मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित-** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत यह प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण 29 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित किया गया है, जबकि 4 फरवरी को प्रतिनिधिमंडल की छत्तीसगढ़ वापसी तय है।

**आणंद में अमूल सहकारिता से समृद्धि का सशक्त उदाहरण-** अध्ययन यात्रा की शुरुआत आणंद जिले से हुई, जहां प्रतिनिधिमंडल ने सहकारिता की वैश्विक पहचान बने अमूल डेयरी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यहां किसानों को संगठित कर दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन की एकीकृत प्रणाली को समझाया गया। प्रतिनिधियों ने जाना कि कैसे पेशेवर प्रबंधन, पारदर्शिता और लाभांश वितरण से किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की गई।



**दुमाड ग्राम पंचायत सीमित संसाधन, बड़ा परिवर्तन:** इसके बाद प्रतिनिधिमंडल वडोदरा जिले की दुमाड ग्राम पंचायत पहुंचा। यहां ऑन-सोर्स रेवेन्यू और सीएसआर फंड के सुनियोजित व पारदर्शी उपयोग से कराए गए विकास कार्यों ने सभी को प्रभावित किया। जनभागीदारी, समयबद्ध क्रियान्वयन और स्पष्ट प्राथमिकताओं के चलते गांव में समग्र बदलाव देखने को मिला।पंचायत क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों का उन्नयन, प्राथमिक शालाओं का सुदृढ़ीकरण और तालाबों का सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को विशेष सराहना मिली। इन प्रयासों से शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण चारों मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

**महिला नेतृत्व की मिसाल बनी दुमाड:** दुमाड ग्राम पंचायत की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि गांव की ही बेटी, पोस्ट ग्रेजुएट कल्पना परमार, सरपंच के रूप में पंचायत का नेतृत्व कर रही हैं। कम उम्र में प्रशासनिक समझ, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने की उनकी कार्यशैली को प्रतिनिधिमंडल ने प्रेरणादायक बताया। अध्ययन दल ने माना कि महिला नेतृत्व गांवों की दशा और दिशा बदलने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

### देवभूमि द्वारका में अगला पड़ाव

अध्ययन भ्रमण के अगले चरण में प्रतिनिधिमंडल देवभूमि द्वारका जिले का दौरा करेगा, जहां ग्राम पंचायत, तालुका पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं, नवाचारों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा। भ्रमण का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों से आय सृजन, पंचायतों की वित्तीय आत्मनिर्भरता, पारदर्शी शासन और टिकाऊ ग्रामीण विकास के सफल मॉडलों को व्यवहार में उतारना है।यह अध्ययन भ्रमण स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट एंड पंचायती राज के तत्वावधान में आयोजित है। कार्यक्रम के दौरान स्टेट नोडल अधिकारी अशोक जयस्वाल टीम के साथ मार्गदर्शन कर रहे हैं। गुजरात में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट, अहमदाबाद के विशेष नियामक के निर्देशन एवं स्टेट नोडल ऑफिसर नीला पटेल के समन्वय से भ्रमण सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। वहीं स्टेट कंसल्टेंट हरेश कुमार खडोदरा द्वारा तकनीकी और व्यवहारिक सहयोग दिया जा रहा है।

## ब्राउन शुगर तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**जशपुरनगर।** प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए साईंटांगरटोली ईदगाहपारा निवासी आफरीन खातून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। आरोपिया के कब्जे से कुल 8.04 ग्राम ब्राउन शुगर, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार 800 रुपए बताई जा रही है, जप्त की गई है। मामले में थाना लोदाम में धारा 21(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपिया का नाम आफरीन खातून, पति तस्लीम खान उर्फ चक्कर, उम्र 27 वर्ष, निवासी साईंटांगरटोली है।

■ 8 .04 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार, भेजी गई जेल

### एसएसपी जशपुर के निर्देश पर हुई बड़ी कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह को विश्वसनीय मुखबिर से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि साईंटांगरटोली ईदगाहपारा की आफरीन खातून अपने घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर रखकर विक्रय करने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे को टीम गठित कर तत्काल रेड कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### आरोपिया के घर से 18 पुड़ियों में 8.04 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपिया अपने घर में मौजूद मिली।

## जिला अस्पताल में सिकल सेल संगवारी की पीयर सपोर्ट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला अस्पताल जशपुर में विगत दिवस जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर तथा यूनिसेफ के सहयोग से संगवारी संस्था द्वारा सिकल सेल संगवारी की पीयर सपोर्ट मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस बैठक का उद्देश्य सिकल सेल से पीड़ित मरीजों एवं उनके परिजनों को रोग प्रबंधन, उपचार एवं जीवनशैली से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। बैठक में जिला जशपुर से योग चिकित्सक डॉ.कृपाचार्य यादव, संगवारी संस्था से डॉ योगेश्वर, डॉ अश्विनी एवं डॉ बैद्यनाथ तथा संगवारी टीम जशपुर से सहायक जिला समन्वयक विक्रम प्रमाणिक, रितु मंडल एवं उमा कुजूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 15 सिकल सेल मरीजों सहित उनके परिजनों के साथ कुल 35 लोगों की सहभागिता रही।

■ नियमित उपचार से सिकल सेल नियंत्रण पर दिया गया मार्गदर्शन



### सिकल सेल को जीवनशैली से जोड़कर समझने पर जोर

चिकित्सकों ने सिकल सेल को केवल एक रोग नहीं, बल्कि जीवन में आने वाली चुनौतियों के रूप में समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर सिकल सेल को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। बैठक के दौरान मरीजों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं ब्रह्मासन जैसे योगाभ्यास का अभ्यास कराया गया। साथ ही उचित खान-पान, पौष्टिक आहार तथा किन खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए, इस विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### स्वास्थ्य में आए सकारात्मक बदलावों पर चर्चा

मरीजों की पूर्व स्वास्थ्य स्थिति एवं नियमित उपचार के बाद हुए सकारात्मक परिवर्तनों पर भी चर्चा की गई। इससे उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों में रोग प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ी और आत्मविश्वास का संचार हुआ। बैठक में शामिल मरीजों एवं परिजनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस पीयर सपोर्ट मीटिंग को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सरगुजा ओलंपिक में जोगपाल पब्लिक स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पत्थलगांव के हाईस्कूल खेल मैदान में आयोजित सरगुजा ओलंपिक में जोगपाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। 100 मी सीनियर वर्ग में हर्ष नायक प्रथम, 100 मी जूनियर बालक वर्ग में प्रिंस खालको प्रथम, 100 मी जूनियर वर्ग बालिका में कशिश इंदवार प्रथम, तान्या तिर्की द्वितीय, 200 मी जूनियर वर्ग बालक में कुशानवीर सिंह प्रथम रहे। इसी तरह लंबी कूद जूनियर वर्ग बालक में कुशानवीर सिंह प्रथम, लंबी कूद जूनियर वर्ग बालिका में कशिश इंदवार प्रथम रहीं। ऊंची कूद जूनियर वर्ग बालक में कुशानवीर सिंह प्रथम, नवीन पैंकरा द्वितीय रहे। गोला फेंक में पूजा केरकेट्टा प्रथम, मानसी यादव द्वितीय, साक्षी साहू तृतीय रहीं। चक्का फेंक में डेविड कुजूर द्वितीय, भाला फेंक में प्रकाश यादव प्रथम, रिले रेस बालक वर्ग में कुशानवीर सिंह, बालिका वर्ग में कशिश इंदवार प्रथम व ऊंची कूद बालक सीनियर वर्ग समीर नेताम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### जागरूकता कार्यक्रम, हाइवे पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी

## 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा मनाए जा रहे 1 से 31 जनवरी तक आयोजित 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को एसडीओपी कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों व छात्र छात्राओं को सुरक्षित यातायात, नियमों के पालन और जीवन रक्षा के महत्व की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, सीईओ जिलापंचायत अभिषेक कुमार, डीएफओ शशि कुमार, जिला परिवहन अधिकारी विजय निकुंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पटनवार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रशेखर परमा एवं भावेश समरथ के स्थानीय पुलिस अधिकारी अमरजीत खुंटे, कृष्ण कुमार साहू, मोरध्वज देशमुख, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा पर प्रतियोगिताएं-** समापन कार्यक्रम में जशपुर पुलिस द्वारा निबंध, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**हेलमेट, सीट बेल्ट अनिवार्य, नशे में वाहन न चलाएं-** डीआईजी व एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से परहेज, नशे की हालत में वाहन न चलाना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है।

### एक माह चले अभियान में व्यापक जनसंपर्क

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जशपुर पुलिस ने हॉट-बाजारों में वीडियो- फोटो के माध्यम से जागरूकता, स्कूल-कॉलेजों में नुक्कड़ नाटक, हेलमेट बाइक रैली, ऑटो रैली, तथा एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड व नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से चौक-चौराहों पर जन जागरूकता अभियान चलाया।

### हाइवे पेट्रोलिंग वाहन रवाना

समापन के बाद डीआईजी व एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह और सीईओ अभिषेक कुमार ने हाइवे पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीम लोरो घाट से कुनकुरी तक 24 घंटे नियमित पेट्रोलिंग करेगी, ताकि हाइवे पर अपराधों पर लगाम और दुर्घटनाओं में त्वरित मदद सुनिश्चित हो सके।

### त्वरित सहायता के लिए नंबर करें डायल

सड़क दुर्घटना की स्थिति में मोबाइल नंबर 9479193699 पर तुरंत संपर्क करें। जशपुर पुलिस की हाइवे पेट्रोलिंग टीम 24×7 सहायता के लिए तत्पर है।

## रजत महोत्सवः मनोरा, कुनकुरी, फरसाबहार सीएसपीडीसीएल का कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित रजत महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मनोरा, कुनकुरी शहर एवं फरसाबहार वितरण केंद्रों में विशेष जन-जागरूकता एवं सेवा-उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने तथा राज्य की विद्युत व्यवस्था में किए गए नवाचारों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर सौर ऊर्जा के उपयोग, स्मार्ट मीटर प्रणाली, विद्युत सुरक्षा उपाय और उपभोक्ता सेवा सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

रजत महोत्सव विकास यात्रा का प्रतीक- रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों और विकास यात्रा का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### छग टीचर्स एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों को लेकर सीएम, स्कूल शिक्षा व वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट द्वारा रमेश चन्द्रवंशी एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय दिनांक 23 जनवरी के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्यकर आदेश जारी किया जाए। केंद्र के सामान 33 के बदले 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात 50 प्रतिशत प्रावधान किया जाए। 10 वर्ष के बजाय 5 वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान हो। पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को 10 वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल करते हुए (वन टाइम रिलैक्सेशन) कर 5 वर्ष में क्रमोन्नति वेतन प्रदान किया जाए। टेट की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए। डी-एड योग्यता धारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बी-एड ब्रिज कोर्स प्रारंभ किया जाए। मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति ली जाए। इस दौरान एसोसिएशन के संतोष गुप्ता, श्याम गुप्ता, सत्य प्रकाश सिंह, विनय गुप्ता, रवि शंकर श्रीवास, सीएसपी गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र पैकरा, संदीप वर्मा, सुवीर रवि, मोहरलाल कुजूर, कृष्ण यादव, केदारनाथ दुबे, विनोद कुर्रे, पवन पाटले, संजय एक्का, सीताराम पांडे, सुमित गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, दिलीप गुप्ता, नवीन किशोर तिर्की, केश्वर नायक, शुफला टोप्पो, ललिता मिंज, मधु पांडे, मुक्ति शांडिल्य सहित अन्य मौजूद थे।

### उप तहसील पिलखा में मतदाता सूची से सम्बंधित लॉजिकल एरर की हुई सुनवाई

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारियों द्वारा तहसील लटोरी अंतर्गत उप तहसील पिलखा के ग्राम पंचायत गोविंदपुर, करमपुर एवं कसकेला में मतदाता सूची से संबंधित लॉजिकल एरर की सुनवाई की गई,इस अवसर पर पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह के अलावा संबंधित हल्का पटवारी एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे,सुनवाई के दौरान मतदाताओं की समस्याओं का परीक्षण करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की गई,पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह द्वारा बीएलओ को लॉजिकल एरर की शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए,अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है।

### प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से किया इंकार तो छात्र-छात्राओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रामानुजगंज।** छात्र-छात्राओं ने यातायात समस्या को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने पहुंचे तो प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया जिससे छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही समस्या को दूर किए जाने की मांग की है। शासकीय लरंगसाय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की यातायात की समस्या को लेकर 10 जनवरी को महाविद्यालय की प्राचार्या के समक्ष नगर के युवा समाजसेवी विष्णु दित्य राज के नेतृत्व में छात्रों ने बस परिवहन सुविधा की मांग की। परंतु प्राचार्य द्वारा ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया गया। जिसके बाद विष्णु दित्य राज के नेतृत्व में पुनः एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही छात्र-छात्राओं की समस्या का निवारण जल्द से जल्द किए जाने की मांग की है। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र अभिषेक केशरी, रंजन शर्मा, गौरव गुप्ता, पवन गुप्ता, उदय सहित अन्य छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।

### ओड़गी मंडल में हुई विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका कार्यशाला



**ओड़गी।** विकसित भारत जी राम जी गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण ओड़गी मण्डल कार्यशाला ग्राम लांजीत शक्ति केद्र में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ राजवाड़े, बलराम सोनी, मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, महामंत्री आशीष प्रताप सिंह, राजेंद्र जायसवाल, श्यामलाल गुर्जर, उमेश्वर गुर्जर, नीरज गुर्जर, अरुण कुमार सिंह, सुधीर चौबे, नरेश जायसवाल, दुर्गा गुप्ता, नंद कुमार सिंह, अजेंद्र गुर्जर, हर्षित गुर्जर, राम यादव, वंश लाल, सोहन कुर्रे, दीपक गुप्ता सहित बुथ के सभी पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## धान लोड ट्रैक्टरों की लगी लंबी कतारें

# धान खरीदी के अंतिम दिन उपार्जन केंद्रों में उमड़ी किसानों की भारी भीड़





उपार्जन केन्द्र के सामने धान लोड वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले के 49 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के अंतिम दिन किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर किसान ट्रैक्टरों में धान लेकर पहुंचने लगे, जिससे कई केंद्रों पर लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित हुआ।

**खास बात**
- कलेक्टर ने दिलाया भरोसा

जिला मुख्यालय के समीप स्थित बड़कीम्हरी धान उपार्जन केंद्र में स्थिति सबसे अधिक गंभीर रही। यहां 400 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ किसान धान बेचने पहुंचे, जिससे उपार्जन केंद्र तक पहुंचने वाले मार्गों पर दो से तीन किलोमीटर लंबी लाइन लग गई और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। अन्य उपार्जन केंद्रों में भी इसी तरह भारी भीड़ देखने को मिली। कामेश्वर नगर में 200 किसानों, रघुनाथ नगर में 104, रामनगर में 123, वीरेंद्र नगर में 154, बसंतपुर में 112, बलरामपुर जिला मुख्यालय में 166 तथा भवरमाल में 88 किसानों के टोकन काटे गए। इसके अलावा कुसमी में 131, जमड़ी में 125, डिंडो में 156, पस्ता में 118, धंधापुर में 147, बरतीकला में 161, बलंगी में 183, महाराजगंज में 125, राजपुर में 144 एवं सरना उपार्जन केंद्र में 103 किसानों का टोकन काटा गया। किसानों की भारी भीड़ के कारण कई स्थानों पर व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को कठिनाई का सामना करना पड़ा, हालांकि समितियों एवं प्रशासनिक अमले द्वारा लगातार प्रयास किए जाते रहे ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहे।

### 2 लाख 32 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य

इस संबंध में कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने बताया कि जिले में जितने भी किसान आज धान उपार्जन केंद्रों पर पहुंचे, सभी किसानों के टोकन काटे गए हैं, इसी कारण उपार्जन केंद्रों में भीड़ देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि आज जिले में लगभग 2 लाख 32 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

### सभी किसानों की होगी धान खरीदी

कलेक्टर ने किसानों से धैर्य बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि भले ही खरीदी प्रक्रिया में कुछ विलंब हो, लेकिन एक भी किसान का धान छोड़ा नहीं जाएगा। प्रशासन द्वारा देर रात तक खरीदी कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी के अंतिम दिन किसानों की भारी उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि जिले में खरीदी को लेकर किसानों की उम्मीदें जुड़ी हुई हैं, वहीं प्रशासन भी व्यवस्था संभालने में पूरी तरह मुस्तैद नजर आए।

## ग्राम मानी में देर शाम तक चली खरीदी

**मानीचौक।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतिम दिन जिले भर के खरीदी केंद्रों में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। समय सीमा समाप्त होने से पहले अपनी उपज बेचने की चिंता में किसान सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। कई केंद्रों पर स्थिति सामान्य रही, लेकिन ग्राम मानी स्थित खरीदी केंद्र पर हालात सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण नजर आया। जहां अचानक किसानों की संख्या बढ़ने से अव्यवस्था जैसी हालत हो गई।

- सुबह से ही उपार्जन केन्द्रों में किसानों का लगा रहा तांता

शुक्रवार सुबह से ही ग्राम मानी खरीदी केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, पिकअप और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। किसानों में इस बात की चिंता साफ दिखाई दे रही थी कि कहीं अंतिम दिन भी उनकी उपज की खरीदी न हो पाए। इसी आशंका के चलते बड़ी संख्या में किसान एक साथ केंद्र पर पहुंच गए, जिससे खरीदी प्रक्रिया पर दबाव बढ़ गया। भीड़ अधिक होने के कारण तौल और पंजीयन की गति धीमी रही और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। हालांकि कठिन परिस्थितियों के बावजूद समिति के कर्मचारियों ने जिम्मेदारी निभाते हुए लगातार खरीदी कार्य जारी रखा। कर्मचारियों ने बताया कि सुबह से लगी वाहनों की कतार देर शाम तक बनी रही। इस दौरान तकनीकी दिक्कतें, सर्वर की समस्या और व्यवस्थागत कमियां भी सामने आईं, जिससे कार्य थोड़ी प्रभावित हुआ। बावजूद इसके कर्मचारियों और किसानों के आपसी सहयोग से स्थिति को संभालने का प्रयास किया गया। मानी खरीदी केंद्र कैंपस में धान का अधिक आवक होने के कारण बाउंड्री के बाहर किसानों का धान समिति द्वारा लिया गया ताकि किसानों का धान किसी भी हालात में लिया जा सके। किसानों का कहना है कि यदि खरीदी की अवधि कुछ दिन और बढ़ाई जाती तो भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सकता था। वहीं कई किसानों ने तौल प्रक्रिया को तेज करने और भुगतान व्यवस्था को और सरल बनाने की मांग की।

### मौके पर मौजूद रहे अधिकारी

धान खरीदी के अंतिम दिन ग्राम मानी सहित अन्य केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ ने व्यवस्थाओं की कड़ी परीक्षा ली। बावजूद इसके देर शाम तक खरीदी कार्य पूरा कर लिया गया और किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सका। जांच के लिए सहकारिता विभाग के नोडल पहुंचे और समिति के कर्मचारियों को खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नही करने के हिदायत दी। कृषि विभाग के आरईओ एनके मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी मौके में मौजूद रहे।





## विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

भारतीय जनता पार्टी मंडल स्तर पर विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन ग्राम सावारांवा में किया गया। कार्यक्रम में अजजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह एवं मंडल अध्यक्ष सुनील साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए अजजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण मनरेगा का उन्नत स्वरूप है, जिसे लेकर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जी राम जी योजना के अंतर्गत अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिन के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। साथ ही एक सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान, भुगतान में देरी पर मुआवजा तथा ग्राम सभा द्वारा कार्य चयन की सुविधा भी प्रदान की गई है। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि यह योजना 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए लाई गई है, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर रोक लगाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। साथ ही अब धान खेती के समय जी राम जी योजना का काम बंद रहेगा जिससे खेती कार्य हेतु मजदूरों की उपलब्धता रहेगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, धनेश्वर सिंह, बलिराम यादव, लालचंद्र शर्मा, सौरभ साहू, नेहा सिंह, अभिषेक गुप्ता, मनीष साहू, श्याम बिहारी यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अध्ययन भ्रमण हेतु जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्षों का दल गुजरात रवाना



**राजपुर।** ग्रामीण विकास को नई दिशा देने तथा आधुनिक तकनीक आधारित विकास मॉडल को समझने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों का एक प्रतिनिधिमंडल गुजरात राज्य के लिए अध्ययन भ्रमण पर रवाना हुआ है। यह पांच दिवसीय अध्ययन भ्रमण 30 जनवरी से 03 फरवरी 2026 तक प्रस्तावित है। अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल गुजरात में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं, तकनीकी नवाचारों एवं कृषि क्षेत्र में भौगोलिक सूचना प्रणाली के प्रभावी उपयोग का गहन अध्ययन करेगा। इस क्रम में दल द्वारा भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान, अमूल दुग्ध डेयरी, बायोगैस संयंत्रों तथा टिकाऊ एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया जाएगा। अध्ययन भ्रमण दल में जनपद पंचायत राजपुर से अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जनपद पंचायत शंकरगढ़ से अध्यक्ष चिंतामणि भगत, जनपद पंचायत वाड्रफनगर से अध्यक्ष शशि सिंह पोर्ते एवं उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, तथा जनपद पंचायत कुसमी से उपाध्यक्ष अशोक सोनी शामिल हैं।

## वसंत ऋतु पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** वसंत ऋतु के आगमन पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा सरस वासंती काव्यगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय एवं बतौर विशिष्ट अतिथि पं. रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कवि बीडी लाल, प्रताप पांडेय पं. चन्द्रभूषण मिश्र मंचासीन रहे। मां वीणापाणि की पारंपरिक पूजा पश्चात काव्यगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। गीतकार कृष्णकांत पाठक ने सुंदर सरस्वती-वंदना की प्रस्तुति दी। महाकवि तुलसीकृत रामचरितमानस, एसपी जायसवाल और बीडी लाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायणों का भी संक्षिप्त पाठ किया गया।

पं. रामनारायण शर्मा ने कहा कि इस ऋतु में धरती का नया श्रृंगार होता है। पुराने पत्ते झड़कर नए कोंपलों के आने, पलाश के लाल-लाल फूलों तथा विभिन्न रंग-बिरंगे पुष्पों से धरित्री परम शोभायमान हो जाती है। पं. सच्चिदानंद पाडेय ने कहा कि सब प्रकार से जीवनोनुकूल होने के कारण ही गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं को कुसुमाकर अर्थात वसंत ऋतु कहा। ब्रह्माजी ने इसी ऋतु में सृष्टि की सुंदर संरचना की। पेड़-पौधे, जीव-जन्तु, मनुष्य आदि बनाए। इसी ऋतु में मां सरस्वती का प्राकट्य-दिवस भी मनाया जाता है। वसंत पंचमी प्रकृति और संस्कृति का सुंदर समागम है, जहां वासंती उल्लास और माता सरस्वती का ज्ञान दोनों मानवीय जीवन में नवीन ऊर्जा, उल्लास, सौंदर्य, संतुलन, आनंद, पवित्रता और जागृति का संचार करते हैं। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने अपने काव्य में वासंती शोभा का वर्णन किया- सूरज की लाली सबको भाए, देख वसंत शाखा लहराए। प्रकृति भी अपने नए-नए रूप दिखाए। संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंद लाल साहू ने अपने दोहे में उद्यान-विपिन की सुषमा और उसकी प्रसन्नता का चित्रण किया- वन-उपवन के हृदय में छाया हर्ष अनंत। डाल-डाल पर डोलता, फिरता आज वसंत। वरिष्ठ कवि बीडी लाल ने वृक्षों के अपार सौंदर्य को अभिव्यंजित किया। कवि रामलाल विश्वकर्मा ने भी अपनी कविता पाठ किया। कवि प्रताप पांडेय के वासंती गीत ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया- महक रहा यूं हरसिंगार जैसे पहला-पहला प्यार। गीतकवि कृष्णकांत पाठक ने विद्या और ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां हंसवाहिनी के आराधनास्वरूप उत्कृष्ट गीत रचना की प्रस्तुति दी। अंत में शायर-ए-शहर यादव विकास ने खुशबू से मोहब्बत की गुलशन को महकने दो रचना सुनाई। धन्यवाद-ज्ञापन संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, लीला यादव, होल साय, ऊनी राजवाड़े, प्रमोद तथा मनीलाल आदि उपस्थित थे।

## एसईसीएल डायरेक्टर टेक्निकल ने क्षेत्र की खदानों का किया निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल–पी एंड पी रमेश चंद्र महापात्रा ने शुक्रवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों का निरीक्षण कर अधिकारियों से वार्षिक उत्पादन लक्ष्य हासिल करने को लेकर फीडबैक लिया, इस दौरान उन्होंने रेहर,गायत्री,केतकी एवं आमगांव खुली खदान परियोजना का दौरा किया।

भटगांव क्षेत्र में तीन दिनों तक विभिन्न खदानों के निरीक्षण के बाद गुरुवार दोपहर निदेशक तकनीकी–योजना एवं परियोजना रमेश चंद्र महापात्रा बिश्रामपुर पहुंचे,यहां उन्होंने पहले क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन,डिस्पैच एवं आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की,इसके पश्चात शुक्रवार को उन्होंने क्षेत्र की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना,कोल इंडिया की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान,तथा गायत्री एवं रेहर खदान का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान डीटी ने चारों खदानों में कोयला उत्पादन,डिस्पैच,उपलब्ध भंडार,मशीनरी की स्थिति और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी खदान प्रबंधन से ली,उन्होंने सुरक्षा के साथ उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उत्पादन प्रक्रिया को बारीकी से समझा और आवश्यक सुझाव भी दिए, गौरतलब है कि एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल–पी एंड पी बनने के बाद रमेश चंद्र महापात्रा का यह बिश्रामपुर क्षेत्र का पहला दौरा था,वर्तमान में वे कंपनी के सभी क्षेत्रों का दौरा कर उत्पादन,डिस्पैच और मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक ले रहे हैं,प्रवास के दौरान डीटी ने भटगांव एवं बिश्रामपुर क्षेत्र के अधिकारियों को वार्षिक उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए,उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन बढ़ाना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है,निरीक्षण उपरांत देर शाम डीटी केंद्रीय चिकित्सालय पहुंचे,जहां उन्होंने सड़क हादसे में घायल रेहर खदान के डिप्टी मैनेजर से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों को बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस ने किया चक्का जाम, धान खरीदी की निर्धारित तिथि बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर के संयुक्त नेतृत्व में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बलिदान दिवस पर मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत माता कर्मा चौक के समीप शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्का जाम किया गया। साथ ही धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी का समय बढ़ाने का मांग की। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि मनरेगा का नाम व योजना बदल कर दूसरा नाम रखना न केवल जनता के साथ छल है बल्कि तमाम मजदूरों के साथ अन्याय है। साथ ही धान खरीदी को लेकर राज्य सरकार से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया कि किसानों का धान अभी तक पूरा खरीदा नहीं गया है कम समय एवं टोकन न कटने के कारण किसानों का धान खरीदी अभी तक बाकी है जिससे किसान काफी परेशान है मांग किया गया कि धान खरीदी हेतु निर्धारित तिथि को बढ़ाया जाए ताकि किसानों का धान खरीदी हो सके। इस दौरान भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, राजीव सिंह, मनोज अग्रवाल, हेमेंद्र गुप्ता, गैबीनाथ साहू, विष्णु कसेरा, वीरेन्द्र बंसल, आशीष यादव, अविनाश यादव, आकाश साहू, जाकेश राजवाड़े, नीरज तायल, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा, भावना सिंह नेताम, सूरज अवस्थी, हुपेश प्रजापति, मधु साहू, राम सिंह, मुस्तफा खान, विनय सिंह, सैयद नदीम, अफरोज अंसारी, लिवनेश सिंह, शाहरुख खान, मनोज सिंह, बाबूलाल सिंह, दीपक दीवान, तनवीर, सुमंत राजवाड़े, यशवंत सिंह, निलेश, कमलेश सिंह, संजय अग्रवाल, बाबूलाल राजवाड़े, हरक लाल राजवाड़े, मनोज सोनी, हैदर अली सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

राजपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि शासन की नीतियों और अव्यवस्थाओं के कारण बड़ी संख्या में किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और मानसिक परेशानी से गुजर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा धान खरीदी की घोषणा तो की गई लेकिन उसके अनुरूप पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों की स्थिति को देखते हुए धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 फरवरी तक किया जाए ताकि सभी किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच सकें। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो किसानों के हित में आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर चक्का जाम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी सहित पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम, सुनील सिंह, जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, बृजेश मिश्रा, विश्वास गुप्ता, संतोष सोनी, सुनील भगत, मुमताज अंसारी, पीएन विश्वास, देवबली सिंह, आलोक सिंह, पंकज यादव, पंकज जयसवाल, राम बिहारी यादव, विकास यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### धान खरीदी में अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कुसमी।** धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था तथा किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ द्वारा बस स्टैंड में एक दिवसीय सांकेतिक चक्काजाम एवं धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिहर यादव के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मिश्रा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन के माध्यम से धान खरीदी की तिथि बढ़ाने, समय पर टोकन जारी नहीं करने, धान उठाव में देरी तथा किसानों के हितों की अनदेखी का विरोध किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत के कुसमी बस स्टैंड के समीप धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के पश्चात एसडीएम करुण डहरिया को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं द्वारा उन्हें किसानों की समस्याओं से संबंधित राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कुसमी एस डी एम करुण डहरिया द्वारा किसानों की मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जीतेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, मुजस्सम नज़र, खसरू बुनकर, संतोष इंजीनियर, फरीद खान, जिलेश्वर राम, पूर्णिमा सेमरिया, मुदस्सिर इराकी, दीपक बुनकर, वेदांत भारती, राकेश एक्का, अमरनाथ सोनवानी, जफर इकबाल, रमेश पांडे, देवलाल नायक, अजय यादव, किशोर कुजूर, सूचित भगत, अंकित मिंज सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।



### धान खरीदी की तारीख और मनरेगा एक्ट के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शंकरगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाव संग्राम के तहत मनरेगा एक्ट में प्रस्तावित बदलाव और नाम परिवर्तन के विरोध के साथ-साथ धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर शंकरगढ़ धान खरीदी केंद्र में धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय पैकरा ने कहा कि मनरेगा गरीबों और ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवन रेखा है। इसके मूल स्वरूप में बदलाव करना और नाम बदलने की कोशिश करना जनविरोधी कदम है। साथ ही कांग्रेसियों ने धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की। कांग्रेसियों का कहना था कि कई किसान अब भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं और खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है। किसानों के हित में धान खरीदी की तारीख तत्काल बढ़ाई जानी चाहिए। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उनके आदर्शों को याद करते हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष विजय पैकरा, विवेक सिंह देव, राजू तिर्की, राम सुंदर सिंह, हृदयानंद यादव, रामशरण यादव, कृष्ण नाग, भोला मियां, झमरु पैकरा, हीरालाल यादव, मुकेश कश्यप, शमीम अंसारी, अज्जू गुप्ता, देवरूप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**सलका अधिना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत अधिना-सलका चौक के समीप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप राजवाड़े के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। कुछ समय पश्चात तहसीलदार शिव नारायण राठिया को ज्ञापन देकर अपना धरना प्रदर्शन और चक्का जाम समाप्त किया। इस दौरान पारसनाथ राजवाड़े, मुकेश अग्रवाल, सुलोचनी पैकरा, सूरज गुप्ता, गोविन्दा राजवाड़े, सविता राजवाड़े, विवेक दुबे, राजकुमार राजवाड़े, रमेश चौधरी, रियाज खान, विक्रांत पांडे, भूपेश्वर राजवाड़े, कमलेश दुबे, शैलेश जैन, रमजीला देवांगन, विनय पैकरा,अमित गुप्ता, बजरंगी सिंह, हरिशंकर राजवाड़े, संजीव सिंह, राजाराम राजवाड़े, चिंटू गुप्ता, मानिकचंद राजवाड़े, युधिष्ठिर राजवाड़े, अख्तर खान, भोला राजवाड़े, शिवशरण राजवाड़े, जितेंद्र ठाकुर, रामजतन देवांगन, सरफ़राज़ खान,अमित गुप्ता, पंकज पैकरा, हुकुम राजवाड़े, उर्मिला राजवाड़े, मनोज राजवाड़े, सुखसागर गुप्ता, विकेश गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। तहसीलदार शिव नारायण राठिया को ज्ञापन देकर अपना धरना प्रदर्शन और चक्का जाम समाप्त किया।

### धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**रामानुजनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामानुज नगर के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर मनरेगा बचाओ संग्राम एवं धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाए जाने को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन सुभाष चौक में किया गया। इस दौरान इस्माइल खान, संजय डोशी, मेहंदी लाल यादव, महेंद्र साहू, हेमलता राजवाड़े,आनंद कुमार, राम लखन सिंह, भूपेंद्र साहू, बालमुकुंद दास, शक्ति ठाकुर, विजय साहू, हेमंत साहू, सम्राट प्रजापति, महेश सिंह, परमेश्वर सिंह, कृष्णा साहू,सतवंत सिंह, बिनय, गजेंद्र राजवाड़े, विनय दास, ऋषि पटेल, आसिफ अंसारी, राम साहू, भोला गुप्ता, रामकुमार साहू सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

# भूमि
## शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई है। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया

**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।




# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेन: चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।



## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।



## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार को दी विदाई

**जशपुरनगर।** जिले में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ रहे सदाशिव मिश्रा के सेवानिवृत्त होने पर विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक आत्मीय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलेक्टर श्री रोहित व्यास सहित राजस्व अमले एवं कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री मिश्रा को पुष्पगुच्छ, शॉल और श्रीफल भेंट कर उनके दीर्घ सेवाकाल के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि नायब तहसीलदार सदाशिव मिश्रा ने अपने सेवाकाल के दौरान राजस्व प्रशासन में अनुशासन, पारदर्शिता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में मिश्रा की कार्यशैली सदैव जनहित और नियमबद्धता पर आधारित रही, जिससे आम नागरिकों को त्वरित और न्यायपूर्ण सेवा मिली। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री मिश्रा के व्यवहार, समय पालन और सहयोगी स्वभाव को स्मरण करते हुए कहा कि वे न केवल एक कुशल प्रशासक रहे, बल्कि अपने सहकर्मियों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाते रहे।

### सेवानिवृत प्राचार्य टोप्पो को दी गई भावपूर्ण विदाई



**जशपुरनगर।** विकास खंड मनोरा के लोकप्रिय वरिष्ठ प्राचार्य तिनतियुस टोप्पो को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरसोता के प्रांगण में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों शिक्षकों ग्राम वासियों छात्रों अभिभावकों के द्वारा विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय कॉलेज मनोरा के प्राचार्य शांति प्रकाश भगत मुख्य सम्मानित अतिथि दिनेश्वर प्रधान पूर्व बीडीसी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर खरसोता सरपंच श्रीमती पद्मावती ओहदार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मेघनाथ ओहदार प्रवीण पाठक प्रधान पाठक डूमर टोली राजेन्द्र यादव प्रधान पाठक सोगडा एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। पारंपरिक सांस्कृतिक ढंग से नृत्य गीत मांदर के थाप पर कर विधालय प्रांगण लाया गया वरिष्ठ व्याख्याता जगमईत भगत एवं निर्मला भगत के द्वारा स्वागत भाषण एवं रोपना उरांव सर के द्वारा प्राचार्य महोदय के जीवन परिचय का वाचन किया गया विधालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

### जनजागरूकता सेवा उन्मुख कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जशपुर शहर एवं जशपुर ग्रामीण वितरण केंद्रों में जन-जागरूकता एवं सेवा-उन्मुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने, ऊर्जा संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा राज्य की विद्युत व्यवस्था में किए गए नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सौर ऊर्जा के उपयोग, स्मार्ट मीटर प्रणाली, विद्युत सुरक्षा उपायों एवं उपभोक्ता सेवा सुधार से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। जशपुर वितरण केंद्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका जशपुर के उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव ने अपने संबोधन में कहा कि रजत महोत्सव केवल उत्सव भर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों एवं विकास यात्रा का सशक्त प्रतीक है।

## नोडल अधिकारी, जिपं सीईओ ने की अधिकारियों से चर्चा

# अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

इंडिया इन स्पेस' थीम पर आधारित 4 फरवरी को आयोजित होने वाले अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आज कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार ने रणजीता स्टेडियम जशपुर में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण एवं समन्वय बैठक की। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं दायित्वों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि 4 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक अवसर है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री श्री शुभांशु शुक्ला के साथ जिले के लगभग 10 हजार विद्यार्थी प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस- बैठक में मंच, बैठक व्यवस्था, टेंट, माइक-साउंड सिस्टम, लाइव स्ट्रीमिंग, विद्युत एवं जनरेटर, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, आपातकालीन चिकित्सा एवं एम्बुलेंस, अग्निशमन, विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही, रंगोली एवं सजावट, सेल्फी प्वाइंट, प्रदर्शनी एवं विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुविधा, अनुशासन एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने का सशक्त माध्यम है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम स्मरणीय, प्रेरणादायक और अनुकरणीय बने।



## उद्यानिकी छात्रों ने सीखे उद्यमिता के गुर

**कोतबा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोतबा के छात्र-छात्राओं ने कक्षा से बाहर निकलकर व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता श्री अरबिंद कुमार साय के मार्गदर्शन में बीएससी उद्यानिकी के विद्यार्थियों ने 'उद्यमिता विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन' पाठ्यक्रम के तहत मेसर्स शिव भगवती कोल्ड स्टोरेज बागबहार का शैक्षणिक भ्रमण किया। कोतबा उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिव भगवती कोल्ड स्टोरेज बागबहार का शैक्षणिक भ्रमण कर फल-सब्जी संरक्षण की आधुनिक तकनीक की बारीकियों को विस्तार से जाना। महाविद्यालय के अधिष्ठाता अरबिंद कुमार साय ने बताया कि, इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता और कोल्ड स्टोरेज की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कोल्ड स्टोरेज की संरचना और उसकी कार्यप्रणाली को बारीकी से समझाया गया। उन्हें व्यवहारिक ज्ञान देते हुए बताया गया कि कैसे नियंत्रित तापमान पर उद्यानिकी और वानिकी उपजों जैसे आम, लीची, प्याज, आलू, चिरौंजी, महुआ, और इमली को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। जिससे न केवल स्वरोजगार का सृजन होगा बल्कि युवाओं को उद्यानिकी से उद्योगों को ओर अग्रसर कर विशेष उपलब्धि ग्रामीण आजीविका में हासिल की जा सकती है। विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी जानकारी दी गई, बल्कि इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान बाजार मूल्यों को देखते हुए कोल्ड स्टोरेज और वेयरहाउसिंग एक मुनाफेदार व्यवसाय बन सकता है।

### पालन-पोषण व देखरेख हेतु पोषक परिवार को सौंपा गया

# बालगृह की एक बालिका को मिला पारिवारिक संरक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक और सार्थक पहल की गई। शासन की मंशा के अनुरूप निराश्रित बालक-बालिकाओं को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्हें पोषक परिवारों के सुपुर्द किया जा रहा है।



इस पहल के अंतर्गत अब तक 07 बालक-बालिकाओं को सुरक्षित रूप से पोषक परिवारों को सौंपा जा चुका है। इसी क्रम में बाल कल्याण समिति जशपुर द्वारा संचालित समर्पित बाल गृह बालिका जशपुर में निवासरत 01 बालिका को नियमानुसार पालन-पोषण एवं देखरेख हेतु अस्थायी आदेश पारित करते हुए पोषक परिवार को सौंपा गया। संबंधित परिवार द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई जशपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। दस्तावेजों के विधिवत परीक्षण एवं सत्यापन के उपरांत बालिका और परिवार के बीच मैचिंग प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें बालिका ने स्वयं परिवार के साथ रहने की इच्छा व्यक्त की तथा परिवार ने भी उसे अपनाने की सहमति दी।बालिका की सहमति एवं परिवार की तत्परता को दृष्टिगत रखते हुए, बाल कल्याण समिति द्वारा पालन-पोषण एवं संरक्षण हेतु आदेश पारित किया गया, जिससे बालिका को सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और पारिवारिक वातावरण प्राप्त हो सके। इस संपूर्ण कार्यवाही में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नितिन राय, सदस्य संदीप पाठक, रामेश्वर विश्वकर्मा, हेमा शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर यादव, प्रभारी संरक्षण अधिकारी रमावती सिंह, सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस इन अल्टरनेटिव केयर के जिला कार्यक्रम अधिकारी उमाशंकर पांडेय तथा जिला बाल संरक्षण इकाई जशपुर के अमले का विशेष सहयोग रहा। यह पहल जिले में बाल संरक्षण और वैकल्पिक देखरेख की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बच्चों को संस्थागत देखरेख के स्थान पर पारिवारिक स्नेह और सुरक्षा का अवसर मिल रहा है।

# जिले में दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के समस्त दिव्यांगजनों को शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने तथा शत प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड निर्माण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### यूडीआईडी कार्ड बनाने 4 फरवरी से होगा शिविरों का आयोजन

इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाणीकरण, प्रमाण पत्र जारी करना तथा यूडीआईडी कार्ड बनाया जाएगा। यह शिविर 4 फरवरी 2026 से लगेगी। जिले में यूडीआईडी कार्ड निर्माण का कुल लक्ष्य 22 हजार 186 निर्धारित है, जिसमें से अब तक 12 हजार 214 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष 9 हजार 972 दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण किया जाना है। पूर्व में सशक्त जशपुर अभियान के अंतर्गत जिले में 15,488 दिव्यांगजन सर्वेक्षित किए गए थे, जिनमें से 3 हजार 680 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि शेष 11 हजार 808 दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं कार्ड निर्माण किया जाना शेष है।

एक ही मंच पर मिलेंगी कई योजनाओं की सुविधाएं- शिविरों में केवल प्रमाणीकरण और यूडीआईडी कार्ड ही नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत भी कार्य किए जाएंगे। इनमें दिव्यांग छात्रवृत्ति, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, बस-रेलवे पास तथा आवश्यकतानुसार शल्य क्रिया हेतु चिन्हांकन शामिल है।

### शिविर 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक

दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु जिले में चरणबद्ध शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सभी शिविरों का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा। 4 एवं 11 फरवरी तक जिला अस्पताल जशपुर में जशपुर जनपद एवं नगर पालिका क्षेत्र के दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित होगा। 25 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा, 11 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला तथा 25 मार्च एवं 8 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी में संबंधित क्षेत्रों के दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण किया जाएगा। इसी क्रम में 22 अप्रैल एवं 6 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव, 20 मई एवं 3 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार तथा 17 जून एवं 8 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 22 जुलाई एवं 5 अगस्त 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण का कार्य किया जाएगा।

### दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक दस्तावेज

दिव्यांगजनों को आवश्यक दस्तावेज के रूप में सहायक उपकरण हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र एवं दिव्यांगता दर्शित 01 फोटो लाना होगा। इसी प्रकार प्रमाणीकरण-यूडीआईडी कार्ड एवं नवीनीकरण हेतु चिकित्सक द्वारा जारी ओपीडी पर्ची एवं पूर्व दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगता दर्शित 1 फोटो, आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र लाना होगा। जिला प्रशासन ने सभी दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों से अपील की है कि निर्धारित तिथि एवं स्थल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ लें, ताकि वे शासन की सभी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

# संकुल स्तरीय मापन, बच्चों ने अनुभव के माध्यम से सीखी गणित

**जशपुरनगर।** 29 जनवरी को सकरडेगा संकुल में एक संकुल स्तरीय मापन मेला का सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक मेले में संकुल की 6 प्राथमिक शालाओं एवं 1 पूर्व माध्यमिक शाला के कुल 105 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मेले की विशेष बात यह रही कि इसकी पूर्व तैयारी लगभग एक माह पहले से विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ मिलकर की जा रही थी, जिससे बच्चे गतिविधियों के लिए पहले से परिचित और आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दिए।





बच्चो ने सीखी मापन तकनीक- मापन मेले में गणित विषय के अंतर्गत मापन की प्रमुख अवधारणाओं को केंद्र में रखते हुए 7 विषयगत कॉर्नर लगाए गए। इनमें भार, धारिता, लंबाई, समय, कैलेंडर, परिमाप, क्षेत्रफल एवं मुद्रा से संबंधित गतिविधियां शामिल थीं। प्रत्येक कॉर्नर पर बच्चों के लिए ऐसी अनुभवात्मक एवं गतिविधि-आधारित सीख की व्यवस्था की गई थी, जहाँ बच्चों ने वस्तुओं को तौलकर, नापकर, तुलना करके और वास्तविक जीवन से जोड़ते हुए मापन की समझ विकसित की।

### कार्यक्रम का उद्देश्य गणित को आनंदमय व अर्थपूर्ण अनुभव बनाना

अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के प्रकाश रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा गणित को आनंदमय, अर्थपूर्ण और अनुभव-आधारित तरीके से पढ़ाने की स्पष्ट वकालत करती है। इनईएफ के अनुसार बच्चे तब बेहतर सीखते हैं जब उन्हें सीखने का अवसर गतिविधियों, खेलों और अपने आसपास की दुनिया से जोड़कर दिया जाए। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए मापन मेले का आयोजन किया गया, ताकि बच्चे मापन की अवधारणाओं को केवल किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन से जोड़ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षकों और बच्चों दोनों ने मेहनत की, जिससे सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ मजबूत हो सकी।

### आयोजक रहे अजीम प्रेम जी फाउंडेशन

इस शैक्षणिक पहल का आयोजन अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। संकुल के सीएसी अरविंद कुमार सतपती ने बताया कि, यह संकुल एवं विकासखंड स्तर पर मापन आधारित सीख को लेकर पहला ऐसा प्रयास है, जिसमें बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर वास्तविक अनुभव के माध्यम से सीखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में गणित के प्रति भय को कम करती हैं और सीखने की रुचि को बढ़ाती हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से प्रकाश, मंजू एवं पियूष के साथ संकुल के सीएसी अरविंद कुमार सतपती, शिक्षकगण गोपाल सोरेन, महेश कुमार पटेल, अनुराधा त्रिपाठी, मंजू किरण तिग्गा, सरिता कुजूर, विल्फ्रेड, सुधनी लकड़ा, खगेन्द्र साई, राजीव कुमार भगत, गौरी शंकर सिदार, प्रतिमा भगत, पैट्रिक एक्का, फिरना सिहुर सहित अन्य शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

# रजत महोत्सव के तहत पत्थलगांव एवं कांसाबेल में कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर संचारण एवं संधारण संभाग पत्थलगांव अंतर्गत वितरण केंद्र पत्थलगांव एवं कांसाबेल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पत्थलगांव विकासखंड के पालीडीह में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती कमला सिदार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की सराहना करते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत हितग्राही अपने घर की छत पर सौर पैनल स्थापित करा सकते हैं, जिसके लिए सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। साथ ही कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है तथा सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक यंत्री मनीष खत्री ने विद्युत मंडल के 25 वर्षों की उपलब्धियों का सफरनामा प्रस्तुत करते हुए विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पंजीकृत वेंडर्स द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों ने योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर पंजीयन भी कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बीपीएल घरेलू, गैर-घरेलू, कृषक एवं सोलर श्रेणी के कुल 25 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच भूपेन्द्र यादव, विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री अमृत बेक, दौलत राम चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में वितरण केंद्र कांसाबेल अंतर्गत मंगल भवन में आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य क्षिप्रा दास ने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में हुए सुधार एवं प्रगति की सराहना की तथा 25 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक यंत्री श्री भानु प्रताप पटेल ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच विजय खलखो, कनिष्ठ यंत्री स्नेह लता टोप्पो सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



## निशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगियों की इलाज

# बाबा भगवान राम ट्रस्ट का स्थापना दिवस सोल्लास संपन्न

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट, सोगड़ा का 66वां स्थापना दिवस ट्रस्ट के मुख्यालय ब्रम्हनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में सोल्लास संपन्न हुआ। सुबह से ही इस अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चना प्रारंभ की गई थी। सांयकाल में ट्रस्ट के कार्यालय में विशेष पूजा अर्चना कर जशपुर के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष में सुख-शांति हेतु सामूहिक प्रार्थना की गई।



बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी के निर्देशन में चलाए जा रहे अनेकानेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत ट्रस्ट के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जनकल्याणार्थ जशपुर के सुदूर ग्राम शैला विकासखंड मनोरा में एक दिवसीय नेत्र चिकित्सा सह अन्य रोगों की चिकित्सा हेतु शिविर आयोजित किया गया।शिविर प्राथमिक शाला शैला के प्रांगण में सुबह 10.30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी एवं वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी के चित्रों पर विधिवत पूजन-आरती पश्चात नारियल फोड़कर कर किया गया जो सांय 4.30 बजे तक अनवरत चलता रहा। 334 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण- इस शिविर में रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 234 मरीजो का तत्काल पावर वाले चश्में एवं दवाइयां प्रदान की गयी। मरीजों का नेत्र परीक्षण श्रीमती सविता नन्दे जशपुर एवं टीपी कुशवाहा जशपुर द्वारा किया गया। शिविर में पाये गये मोतियाबिन्द के मरीजों को जशपुर जाकर आपरेशन करवाने की सलाह दी गयी। अन्य रोगो के चिकित्सा हेतु जशपुर के वरिष्ठ सर्जन डॉ राजेश कुमार सिंह जी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में अन्य रोगो के 272 मरीजो को जांचोपरांत आवश्यक दवाइयां प्रदान की गयी। शिविर में रक्त शर्करा आदि की परीक्षण की भी व्यवस्था थी। बाबा भगवान राम ट्रस्ट के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर ट्रस्ट द्वारा ग्रामीणों को लगभग 126 कंबल एवं साड़िया व संकलित वस्त्र भी बांटे गए।

### हरिभूमि

पाठकों के लिए माह जनवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग = | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जनवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 फरवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त